## एक नजर में

### इलाज की उम्मीद लेकर आया था अस्पताल, लेकिन मौत बनकर आई सिविल सर्जन की गाड़ी, राजू की जिला चिकित्सालय में दुखद मौत



**नीमच।** शुक्रवार दोपहर नीमच जिला अस्पताल एक दिल दहला देने वाले हादसे का गवाह बना, जब इलाज की आस में अस्पताल आया एक मरीज खुद अस्पताल परिसर में हादसे का शिकार हो गया। रामपुरा निवासी राजू पिता हीरालाल, जाति मेघवाल उम्र 45 साल निवासी राजपुरा रामपुरा जो इलाज के लिए जिला अस्पताल आया था, उसने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि अस्पताल ही उसकी जिंदगी की आखिरी मंजिल साबित होगा। पर्ची कटवाने के बाद चक्कर आने और घबराहट होने के कारण गेट के पास राजू लेट गया। उसके बाद अचानक हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना का वह शिकार बन गया। हादसा तब हुआ जब सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल की सरकारी गाड़ी (स्क्13 ड्ढ 4590) अस्पताल परिसर से गुज़र रही थी। गाड़ी ने बेकाबू होकर राजू को रौंद डाला। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशें नाकाम रहीं और महज़ आधे घंटे में उसने दम तोड़ दिया।जैसे ही हादसे की खबर फैली, अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। लोगों का गुस्सा भड़क उठा, सवाल उठने लगे कि जब अस्पताल के अंदर ही इंसान सुरक्षित नहीं है तो बाहर क्या उम्मीद की जाए। सिविल सर्जन की गाड़ी से हादसा हुआ, गाड़ी थाने पर खड़ी करवाई गई। गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है, और परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी गई है।

**- पुष्पा चौहान, थाना प्रभारी**

### 30 घंटे की मशक्कत के बाद मिला मजदूर का शव, खिमला प्लांट में चंबल नदी में डूबा था युवक

**रामपुरा।** खिमला स्थित डीबीएल (दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड) कंपनी के निर्माणाधीन पेयजल योजना प्लांट में गुरुवार को हुए हादसे में चंबल नदी में डूबे युवक का शव आखिरकार 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया गया। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। डूबे युवक की पहचान शेख समीर (20), पिता शेख सलीम, निवासी मोहल्ला आवरा सात, रामपुरा के रूप में हुई थी। समीर डीबीएल कंपनी में वेल्डिंग का कार्य करता था और हादसे के समय साइट पर ही मौजूद था।



ऐसे हुआ हादसा - गुरुवार दोपहर काम के दौरान समीर को प्यास लगी और वह नदी किनारे पानी पीने गया। इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह चंबल नदी में गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आसपास मौजूद मजदूरों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह पानी में लापता हो गया। तुरंत अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी गई।

30 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन - घटना की सूचना मिलते ही रामपुरा पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई। कई घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार शुक्रवार दोपहर चार बजे , यानी घटना के लगभग 30 घंटे बाद, समीर का शव नदी से बरामद कर लिया गया।

सुरक्षा मानकों को लेकर उठे सवाल - एक मजदूर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, यहां पानी के पास कोई सुरक्षा घेरा नहीं है। न हेलमेट, न लाइफ जैकेट। हादसा तो होना ही था।

### गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना की टेस्टिंग का कार्य प्रारंभ




**नीमच।** जल जीवन मिशन के तहत गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना 2 का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इस योजना के तहत जल आपूर्ति का प्रारम्भिक परीक्षण (टेस्टिंग) कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सम्पूर्ण जिले में हर घर नल से शुद्ध पेय जल आपूर्ति 30 नवम्बर 2025 तक प्रारंभ कर दी। यह जानकारी कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में महाप्रबंधक जल निगम द्वारा दी गई। बैठक में विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा,विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जिला अधिकारी क्रियान्वयन एजेंसी में इंजीनियर्स आदि उपस्थित थे। बैठक में जल निगम महाप्रबंधक को निर्देश दिए गये, कि वे सोमवार तक गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना के तहत जिले के ऐसे सभी गांवों की सूची समिति सदस्यगणों को उपलब्ध करवाए, जिसमें योजना के तहत सम्पूर्ण कार्य पूर्ण हो चुका है। महाप्रबंधक जल निगम ने पेयजल पाईप लाईन डालने के लिए खोदी गई सड़कों, क्षतिग्रस्त सड़कों के शेष मरम्मत कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जल निगम महाप्रबंधक को निर्देश दिए गये कि वे यह सुनिश्चित करें, कि निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार निर्धारित गहराई में ही पाईप लाईन बिछाई गई है या नहीं इसकों देखे और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करवाएं। शेष रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य भी तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गये। बैठक में विधायक श्री सखलेचा, श्री परिहार एवं श्री मारू ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### आईटीआई मनासा में रोजगार मेला संपन्न, जिले के 120 युवा रोजगार के लिए चयनित

**नीमच।** जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती कमला चौहान ने बताया कि, शुक्रवार को आईटीआई मनासा में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेले में विभिन्न 11 कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मेले में 200 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया, इनमें से 120 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। इस मौके पर आईटीआई प्राचार्य श्री महेश जाटव, यंग प्रोफेशनल श्री कुंतन भट्ट, आईटीआई नीमच-मनासा के कर्मचारी एवं युवक-युवतियों उपस्थित थे।

### पी.एम एफ.ई योजना के तहत खाद्य प्रसस्करण उद्योग स्थापना के लिए आवेदन करें

**नीमच।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पी.एम एफ.एम ई) के तहत खाद्य प्रसंस्करण मसाला निर्माण उद्योग स्थापित किया जा सकता है। इच्छुक उद्यमी/हितग्राही जो योजना का लाभ लेना चाहते है वे आवेदन कर सकते है। योजना अन्तर्गत आवेदन एवं जानकारी के लिए जिला उद्यानिकी कार्यालय में श्री विदेश वसुनिया से संपर्क करें। नीमच विकासखंड के श्री सन्दीप कुमार प्रजापत, मनासा में विकासखंड डॉ. मनोज यादव एवं जावद विकासखण्ड में कमलेश चैहान से संपर्क कर सकते हैं।

# सभी प्राचार्य, विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

- जिले की सभी शालाओं के सभी विद्यार्थी ए श्रेणी से उत्तीर्ण हो- कलेक्टर
- कलेक्टर ने त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की विद्यालयवार समीक्षा की



**नीमच।** जिले में जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, अध्यापन कार्य की गुणवत्ता में सुधार तथा बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में विशेष सुधार करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत नीमच के सभाकक्ष में जिले के सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के प्राचार्यो, संकुल प्राचार्यो तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर चंद्रा ने सभी प्राचार्यो को निर्देश दिए, कि विद्यार्थियों की शिक्षा, अध्यापन, परीक्षा परिणाम में सुधार को सभी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दें, किसी भी विद्यालय में बगैर वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था किए, किसी भी शिक्षक, विषय शिक्षक को लंबी अवधि का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए, ताकि अध्यापन कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव ना पडे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को निर्देश दिए, कि वे अभी से अच्छी मेहनत करें, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम के आधार पर बच्चों की प्रोफाईल तैयार कर, उनकी शिक्षा अध्यापन पर विशेष ध्यान दें, विशेष अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करें। कठिन विषयों के अध्यापन पर विशेष ध्यान दें।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शाला के सभी विद्यार्थी ए ग्रेड के साथ अनिवार्य रूप से उर्त्तीण हो। कोई भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण ना हो, इसका विशेष ध्यान रखे।

बैठक में कलेक्टर ने शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के त्रैमासिक परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पर रहे और न्यूनतम स्थान पर रहे 10-10 विद्यालयों के प्राचार्यो से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले सभी प्राचार्यो को बधाई देते हुए कहा, कि आगामी परीक्षा में भी विद्यार्थियों के ग्रेड में सुधार के विशेष प्रयास जारी रखे।

कलेक्टर ने 10वीं एवं 12वीं में अपेक्षित कम परिणाम वाले 10 विद्यालयों के प्राचार्यो को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने तथा उत्तर संतोषजनक प्राप्त नहीं होने पर कार्यवाही करने के निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी को दिये।

कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो तथा शिक्षकों को विद्यालय में समय पर उपस्थिति होने, अपने विषय का अध्यापन गंभीरता पूर्वक कराने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने विषय वार अलग-अलग नोडल जिला स्तर से विद्यालयों में परिणाम सुधार के लिए नियुक्त करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं श्री अमन वैष्णव ने प्राचार्यों को परीक्षा परीणाम सुधारने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एस.एम.मांगरिया, सहायक संचालक मनोज जैन, प्रलयकुमार उपाध्याय, प्राचार्यगण उपस्थित थे।



## नगर पालिका ने दो स्थानों से हटाया अतिक्रमण, एक अतिक्रमणकर्ता को दिया नोटिस

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है। अतिक्रमण की शिकायत पर नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ टीम ने शुक्रवार 19 सितंबर को बंगला नंबर 55 में जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य संसाधनों के साथ पहुंचकर जोशी स्कूल के पास लाला सलीम नामक अतिक्रमणकर्ता द्वारा करीब 5000 स्कायर फीट जमीन पर किया गया अतिक्रमण हटाकर उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया। इसी प्रकार अतिक्रमण हटाओ टीम ने अंबेडकर कॉलोनी में आशा बाई द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया तथा एक अतिक्रमणकर्ता मुरली को तीन दिवस में अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया। उक्त कार्रवाई राजस्व अधिकारी संजय पाटीदार, टेकचंद बुनकर, महावीर जैन, हेमंत सिसोदिया, रवि भंडारी, रामसिंह की उपस्थिति में अन्य कर्मचारियों द्वारा की गई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि कोई भी व्यक्ति शासकीय भूमि पर अतिक्रमण ना करें अन्यथा नगर पालिका अमले द्वारा अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाएगा। श्रीमती बामनिया ने कहा कि अतिक्रमण हटाओ मुहिम निरंतर जारी रहेगी।

# नीमच-मनासा मार्ग पर ढाई घंटे चक्काजाम, दो एंबुलेंस फंसी रही

### स्कूल में दो छात्रों के बीच झगड़े को लेकर नाराज थे ग्रामीण, प्रदर्शनकारियों ने एक शख्स को भी पीटा

**नीमच। जिले में नीमच-मनासा मार्ग पर रेवली-देवली गांव के पास ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह करीब 10.30 से दोपहर 1 बजे तक सड़क जाम कर दिया। यह विरोध रेवली-देवली के एक स्कूल में दो छात्रों के बीच हुए झगड़े को लेकर था। इस घटना में एक छात्र के सिर में गंभीर चोट आई थी।**

ग्रामीणों का आरोप है कि गुरुवार को स्कूल में हुए विवाद में पिपलिया नाथावत गांव के छात्र राज सिंह तंवर के सिर में चोट लगी थी। जब वे नीमच सिटी थाने पहुंचे तो पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रेवली देवली में स्कूल के सामने ही सड़क पर चक्का जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।





सूचना मिलने पर नीमच सिटी और कैंट पुलिस के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण अपनी तीन मांगों पर अड़े रहे।

#### ये थी मांगें -

- मारपीट करने वाले छात्र लोकेश के खिलाफ हत्या के प्रयास (प्राण घातक हमला) की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया जाए।
- मारपीट करने वाले छात्र को स्कूल से निलंबित किया जाए।
- स्कूल के प्राचार्य को निलंबित किया जाए।
- इस चक्का जाम के कारण घायलों को ले जा रही दो एंबुलेंस भी फंस गईं। प्रदर्शन के दौरान अपनी बीमार मां को अस्पताल ले जा रहे सूरज नायक ने जाम से निकालने का प्रयास किया तो ग्रामीणों से उसकी जमकर धुनाई कर दी। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को शांत करने और उनकी मांगों पर विचार करने के लिए आश्वासन दिया। इसके बाद यातायात शुरू हुआ।

# नि:शुल्क ओपीडी कैम्प का आयोजन

**नीमच।** पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल की ईकाई लॉयंस क्लब नीमच द्वारा विश्व प्रसिद्ध जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम शाह की टीम द्वारा शेल्बी हॉस्पिटल, नरोड़ा, अहमदाबाद के सहयोग से क्लब के सेवा भवन लॉयंस डेन पर दिनांक 20 सितम्बर 2025, रविवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क ओ पी डी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प के सुचारू संचालन हेतु क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा के नेतृत्व में 19 सितम्बर 2025, शुक्रवार को शेल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद से पधारे कैम्प आयोजक श्री अतुलेश तोलिया के साथ लॉयंस स्पोर्ट्स हॉल में क्लब पदाधिकारियों सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष लायन महेन्द्र त्रिवेदी, वरिष्ठ लॉयन चंद्रेश ऐरन, लायन बाबूलाल गौड़, लायन महेन्द्र सिंह चौधरी, लायन मुकेश पाटीदार ने उपस्थित रहकर बैठक की गईएवं कैम्प आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई।उक्त जानकारी देते हुए क्लब सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा ने बताया कि कैंप में घुटना, हड्डी व जोड़ रोग, कमर दर्द व रीढ़ के रोगियों का नि:शुल्क पंजीयन कर परीक्षण किया जाकर उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा। कैम्प में वरिष्ठ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. इकराम बी. घासूरा, एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन डॉ. असित बॉयर, द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। पंजीयन कैंप स्थल पर किया जाएगा। कैम्प का लाभ लेने वाले सभी प्रकार के रोगियों को अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट साथ लेकर आना होगा। क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा, सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष लायन महेन्द्र त्रिवेदी ने नगर एवं अंचलवासियों से यथासमय अधिक से अधिक संख्या में पधारकर नि:शुल्क शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया है।




# इस दीपावली पर हाथ से बनी मोमबत्ती उजाले के साथ-साथ बिखेरेंगी सुगंध

### *हाथों से बनी खुशबूदार मोमबत्ती चर्चा में, इस की ओर लोग हो रहे काफी आकर्षित*

**नीमच। दीपावली को लेकर उत्साह खासा चरम सीमा पर है। अपने-अपने घरों के लिए लोग खरीदारी कर रहे हैं। दीपावली की शोभा दीपक से होती है। बाजारों में अब सुगंधित मोमबत्ती खूब बिक रही है और लोग इसे पसंद भी कर रहे हैं। बाजार में हाथों से बनी खुशबूदार मोमबत्ती लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं।**




इस तरह की मोमबत्ती को जिले महिलाओं के द्वारा तैयार किया है। दीपावली दीपों का त्योहार, जो अंधकार को दूर कर प्रकाश लाता है। अब प्रकाश के साथ-साथ खुशबू का भी आनंद ले सकते हैं। महिलाओं के द्वारा निर्मित घर में बनी मोमबत्ती की मांग खूब हो रही है। स्थानीय महिलाओं ने अपना खुद का प्रोडक्ट श्री मन केंडल के नाम से इसे बाजार में उतारा है।

मोमबत्ती बनाने वाली महिला हर्षिता राठौड़ भी कहती हैं कि इस दीपावली में अपने घर को खुशबूदार बनाने के लिए एक मोमबत्ती अवश्य जलाएं। आगामी दिनों में आमंत्रणम द्वारा आयोजित दीपावली मेला में नीमच में भी स्टॉल लगाया जाना है। इससे पूर्व भी जिले भर के अलावा अन्य जिलों से भी सैकड़ों लोगों ने मोमबत्ती का आर्डर देकर खरीदी थी। इस एक मोमबत्ती से पूरा कमरा सुगंधित हो जाता है। हर्षिता राठौड़ ने साथ ही बताया कि दीपावली में इस तरह की डेकोरेटिव और सुगन्धित मोमबत्ती का अच्छा बाजार उपलब्ध हो जाता है। इस बदलते जमाने ने सभी की जीवन शैली को भी बदल दिया है। पहले साधारण मोमबत्ती बाजारों में बिकती थी, पर अब सुगंधित और डेकोरेटिव मोमबत्ती बाजार में अपनी जगह बना रही है।

**एक नजर** | **दो दिवस में 5073 महिलाओं एवं किशोरियों की जॉच हुई, 500 से अधिक ने स्वैच्छिक रक्तदान किया**

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रही महिलाएं

**नीमच।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान जिले में उत्साह पूर्वक संचालित हो रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है, इन शिविरों में महिला एवं किशोरियों, बालिकाएं अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिये उत्साहपूर्वक से सम्मिलित हो रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मातृ , शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं गैर संचारी रोग की पहचान एवं उपचार के साथ रैफरल सेवाए दी जा रही है। इसके साथ ही महिला एंव बाल विकास विभाग के सहयोग से पोषण माह का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें पोषण परामर्श, प्रोत्साहन गतिविधियों के साथ ही गोद भराई , अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। अभियान के प्रथम दो दिन में 2147 महिलाओं एवं 2926 किशोरियों की हिमोग्लोगीन की जाचं की जाकर 64 हाई रिस्क महिलाओं को चिन्हित कर रैफर किया गया हैं। 76 नवीन गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया तथा 454 महिलाओं की दूसरी एवं तीसरी जाचं की गई,4268 महिलाओं की ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जाचं, 1474 महिलाओं की स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, 607 मरीजों की क्षय रोग जॉच एवं 45 बच्चों का टीकाकरण किया गया हैं। साथ ही अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में 500 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया हैं । रक्तदान स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्वयं सेवी संस्थाए भी सहयोग कर रहे है।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आर.के.खद्योत ने बताया, कि इन शिविरों में ग्राम स्तर पर महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा रही है। ऐसी महिलाएं, जिन्हे उच्च संस्था पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह की आवश्यकता है उनकी सूची तैयार की जा रही है। आगामी दिवसों में सी.एच.सी.पी.एच.सी. स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिविरों का आयोजन किया जावेगा। जिसमें रैफर महिलाओं का ईलाज किया जावेगा। इस कडी में सिविल अस्पताल जावद में 22 सितम्बर , सिविल अस्पताल मनासा में 27 सितम्बर , सिविल अस्पताल रामपुरा में 29 सितम्बर ,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगोली में 20 सितम्बर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरन में 25 सितम्बर को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में ग्रामीण क्षेत्र से रैफर हितग्राही के साथ ही अन्य महिलाए भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकती है। डा.खद्योत ने जिले की महिलाओं से अनुरोध किया है, कि वे अपने निकट के स्वास्थ्य केन्द्र पहुचकर अपनी सेहत की जाचॅं अवश्य करावे।